संख्या-293/2021/346ई/23-11-2021-1/1(31)/2019

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 23 मार्च, 2021**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य/प्रमुख, अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण योजनान्तर्गत धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-849बी0जी0जी0/7बी0-मांग/2020-21, दिनांक 19-03-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में शासनादेश संख्या-296/2020/862ई/23-11-2020-1/1(31)/2019, दिनांक 22-09-2020 द्वारा अन्य कार्यो के साथ अधोलिखित तालिका-क में अंकित 01 चालू कार्य पर आवंटित धनराशि रू0 400.00 लाख में से क्षेत्र से प्राप्त सम्भावित बचत की धनराशि का समायोजन स्वीकार करते हुये उक्त कार्य पर रू0 200.00 लाख का संशोधित आवंटन किये जाने तथा उक्त कार्य पर बचत की धनराशि रू0 200.00 लाख (रूपये दो करोड़ मात्र) को अधोलिखित तालिका-ख में अंकित 01 चालू कार्य पर आवंटित किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

तालिका-क (धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	अब तक आवंटन	शासनादेश दिनांक 20-09-20 द्वारा अवमुक्त धनराशि	क्षेत्र से प्राप्त बचत	**संशोधित शुद्ध आवंटन**		
							अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	प्रा0ख0 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में जी0आई0सी0 से अटसलिया रेलवे फाटक तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	2195.61	1300.00	400.00	200.00	157.58	42.42	**200.00**

तालिका-ख (धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रा0ख0 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में पुत्तूलाल चौराहे से रोजा अड्डा तक मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	1524.10	857.15	157.58	42.42	**200.00**

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त सम्भावित बचत की धनराशि की उपलब्धता एवं आवंटित धनराशि की आवश्यकता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता की होगी।

(4) उपरोक्त तालिका-क में अंकित कार्य पर धनराशि आवंटन विषयक शासनादेश संख्या-296/2020/862ई/23-11-2020-1/1(31)/2019, दिनांक 22-09-2020 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

(5) उक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सडकें-337-सड़क निर्माण कार्य-13-एकमुश्त व्यवस्था-1323-राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था (राज्य सेक्टर)-24-वृहत निर्माण कार्य एवं अनुदान सं0-83 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सडकें-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-13-राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के कार्यो हेतु-24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2021/बी-1-141/दस-2021-231/2020 दिनांक 20-01-2021 एवं शासनादेश संख्या-04/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020, दिनांक 07-04-2020 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-293/2021/346ई(1) /23-11-2021-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
10-राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- डाटा सेल, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

shasanadesh.up.gov.in